**खबर संक्षेप**

### शार्प शूटर हेमंत शुक्ला लुधियाना से गिरफ्तार



**मैहर।** नागपुर में विनय पुणेकर हत्याकांड के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भाई अनुज शुक्ला,अभिषेक शुक्ला को उठाया तब लगा आरोपी हाथ लग सका। बताया जाता है कि मैहर निवासी हेमंत शुक्ला पिता रामनरेश शुक्ला निवासी नकतरा ने नागपुर में फोटो ग्राफर के घर में घुसकर 23 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी थी और तब से फरार चल रहा था। पुलिस ने अंधी हत्या के जांच में आरोपी के भाई को काल डिटेल के आधार पर शक के दायरे में लेकर 24जून को नागपुर सदर पुलिस ने आरोपी के भाई को उठाया तो मुख्य आरोपी का लुधियाना में पता चला सायबर सेल की सहायता से नागपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### आधी रात दर्द से तड़प रही गाय को डॉक्टर ने ऑपरेशन करके बचाया



**मैहर।** मामला आधी रात का है जहां मैहर के पास मानपुर से डॉ प्रदीप द्विवेदी को सूचना मिली कि एक आवारा गौ वंश गाय के पेट में बच्चा मर गया है और गाय की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही डॉ प्रदीप द्विवेदी अपने स्टॉप के साथ मौके में पहुंचे। ऑपरेशन कर मृत बच्चे को गाय के पेट से बाहर निकाला जिससे गाय की जान बच गई। वर्तमान में गाय स्वास्थ्य हालत में है। डॉ प्रदीप द्विवेदी के कार्यों की सराहना ग्रामीणों ने खुले दिल से कर आभार व्यक्त किया।

### मैहर विधायक ने ली राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक



**सतना।** तहसील कार्यालय में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा राजस्व विभाग की बैठक ली गई। इस दौरान एसडीएम विकाश सिंह एवं राजस्व विभाग के अधिकारी तहसीलदार नायब तहसीलदार समस्त आर आई,पटवारी उपस्थित रहे मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। विधायक द्वारा प्रमुख बिंदु यह रहा कि सोमवार एवं गुरुवार को समस्त पटवारी अपने ग्रामों में उपस्थित रहेंगे एवं जन समस्या को सुनेंगे एवं तत्काल निराकरण भी करेंगे साथ ही समस्त पटवारी अपने हल्के में अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि को चिन्हित करेंगे एवं समस्त ग्रामों के अतिक्रमण को हटाने का काम भी करेंगे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा राजस्व के अधिकारियों सख्त निर्देश दिया गया कि आम जनमानस का काम तत्काल रूप में किया जाए।

## रेलवे जीएम ने डीआरएम के साथ सतना, मैहर स्टेशनों का किया निरीक्षण

# जल्द ही नए आकार में नजर आएगा रेलवे स्टेशन

### मंडल व स्थानीय अधिकारियो के साथ की बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय गुरुवार सुबह 10बजे परख एक्सप्रेस से सतना जंक्शन पहुंचीं। उनके साथ डीआरएम विवेकशील एवं रेल विभाग की सभी शाखाओं के मंडल अधिकारी भी मौजूद रहे। जीएम शोभना बंदोपाध्याय ने सतना स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन रिडेवलपमेन्ट प्लान से संबंधित मंडल के अधिकारियों व स्थानीय रेल अधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये।जीएम ने स्टेशन के पुनर्निर्माण प्रोजेट के बारे में चर्चा करने के साथ स्टेशन के बाहर का भ्रमण कर यह देखा कि नव निर्माण के उपरान्त पटरियां कहां तक रहेंगी। प्लेटफार्म,प्रतीक्षालय एवं बुकिंग कार्यालय व अन्य दफ्तर कहां रहेंगे।

### मैहर में अमृत योजना के कार्यों का अवलोकन

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय इसके पूर्व 9.35 बजे जबलपुर के अधिकारियों की टीम के साथ मैहर स्टेशन पहुंचे। जीएम बंदोपाध्याय एवं डीआरएम विवेकशील ने मैहर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेते हुये जीएम ने निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिये।





### अधिग्रहण के बदले मांगी नौकरी

सतना जंशन के निरीक्षण पर आई जबलपुर जोन की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय से नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। महाप्रबंधक को संबोधित इस ज्ञापन में कहा गया है कि ललितपुर-सिंगरौली नई रेलवे लाइन बिछाने के लिये रेल विभाग द्वारा सन 2015-16 में इस क्षेत्र के रहवासियों एवं किसानों की भूमि अधिग्रहित की गयी थी। भूमि अधिग्रहण के समय विभाग के तत्कालीन उच्चाधिकारियों ने मौखिक एवं लिखित तौर पर यह जानकारी दी थी कि रेल लाइन बिछाने के लिये जमीन देने वालों के परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी दी जायेगी। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछलोगों को रेलवे में नौकरी दी भी गयी। कुछ पात्र व्यक्तियों का सन 2021-22 में मेडिकल परीक्षण कराया गया,लेकिन आज तक नौकरी नहीं दी गयी। ज्ञापन सौंपने वालों में ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन के क्षेत्र में पडऩे वाले ग्रामों के कई निवासी शामिल रहे।

### जीआरपी चौकी के लिये मांग

जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने सतना स्टेशन के निरीक्षण पर पहुंची जीएम से नई चौकी के लिये भवन की मांग की।जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया है कि इसी प्रोजेक्ट में चौकी के नये भवन का निर्माण कराकर दिया जायेगा।जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने वर्तमान चौकी में स्थानाभाव का जिक्र करते हुये बताया कि चौकी में महिला स्टाफ भी है,जिसके बैठने के लिये पृथक से व्यवस्था नहीं है। इसी तरह से फरियादियों के बैठने के लिये जगह नहीं है। कप्यूटर के लिये अलग से कक्ष नहीं है। इस वजह से स्टाफ को कई बार काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### कैमा स्टेशन का किया बारीकी से निरीक्षण विकास कार्यों बावत दिये निर्देश

मैहर एवं सतना का निरीक्षण करने के उपरांत महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय करीबन सवा 11 बजे कैमा स्टेशन के लिये रवाना हुईं,जहां इंडोर ईएल, टीएसएस,गुड्स शेड प्लानिंग प्वाइंट, क्रासिंग, यार्ड का अवलोकन किया। दोपहर में करीबन 1 बजे रेल महाप्रबंधक अपनी मंडल की टीम के साथ रीवा पहुंचीं,जहां उन्होंने मंडल व जोन अधिकारियों के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण किया।

### लाबी को देखा,गार्ड-ड्राईवरों की समस्याओं की जानकारी ली

सतना रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जीएम शोभना बंदोपाध्याय ने लाबी का मुआयना करने के साथ रेलवे के रनिंग स्टाफ,गार्ड-ड्राईवरों से मुलाकात की। बैठक लेकर इनकी विभिन्न समस्याओं की जानकारी हासिल की। साथ ही रनिंग स्टाफ की समस्याओं के समाधान हेतु डीआरएम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## बजरंगदल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, गौवंश तस्करी और शराब की अवैध पर प्रतिबन्ध की मांग

**मैहर।** शराब की अवैध बिक्री का मामला प्रदेश की विधानसभा की सदन से नगर गांव तक गूंज रहा है,मैहर में जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक संगठन लगातार शराब की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध करने की मांग कर रहे है,आज विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल जिला मैहर के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप 5 सूत्रीय मांग की है। मांग है कि मैहर नगर में मांस और शराब की अवैध बिक्री करने वालो पर



दंडात्मक कार्यवाही की जाए,साथ गांव गांव गली गली अवैध शराब पहुंचाने वाले लोगो पर भी कार्यवाही की जाए। मैहर जिले के शराब दुकानों के कर्मचारियों को चिन्हित कर संबंधित थाने में उनकी जानकारी रखी जाए,चिन्हित लोगो से हटकर अन्य लोगो पर शराब दुकान में कार्य करने पर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने विहिप के जिला मंत्री अतुल त्रिपाठी,बजरंगदल जिला संयोजक अंकुल त्रिपाठी,बजरंगदल जिला सह संयोजक शिव चौरसिया,नगर संयोजक सतीश तिवारी,जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख रोहित नामदेव,प्रखंड सह संयोजक आशीष दुबे सहित अमदरा बदेरा नादन अमरपाटन रामनगर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने रोप-वे आपात स्थिति पर किया संयुक्त मॉक अभ्यास

**मैहर।**आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा,उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में11एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एवं आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास,क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों में स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भारत में पिछले वर्ष झारखंड के देवघर स्थित त्रिकूट रोपवे हादसे को ध्यान में रखते हुए 11 एनडीआरएफ वाराणसी के टीमों द्वारा उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के सभी केबल कार (रोप-वे) टीम एवं सम्बंधित ज़िला प्रशासन के साथ लगातार संयुक्त मॉक अभ्यास किया जा रहा है। उसी कड़ी में संतोष कुमार उप कमांडेंट की देखरेख में टीम कमांडर इंस्पेक्टर रामयज्ञ शुक्ला व उनकी रेस्क्यू टीम के द्वारा तथा एसडीईआरडी के डिस्ट्रिक कमांडेंट सुनीत कुमार मिश्रा व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,विभिन्न हितधारकों एवं रोप-वे टीम के साथ संयुक्त रूप से केबल कार आपात स्थिति पर मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान,केबल कार इमरजेंसी पर एक परिदृश्य चित्रित किया गया, जिसमें मैहर मध्य प्रदेश के एक केबल कार जमीन से 70 फीट (लगभग) की ऊंचाई पर किसी तकनीकी समस्या के कारण रोपवे पर कार रूक गई और कार के अंदर यात्री फंस गए। तदनुसार, ईओसी को घटना के बारे में सूचित किया गया,उन्होंने आगे एनडीआरएफ नियंत्रण कक्ष और सभी संबंधित हितधारकों को आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। घटना स्थल पर पहुंचने पर,एनडीआरएफ की टीम ने प्रारंभिक मूल्यांकन किया और साथ ही ऑपरेशन के बेस, कमांड पोस्ट,मेडिकल पोस्ट और संचार पोस्ट की स्थापना की और आकलन के बाद,




टीम ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और सभी फंसे हुए पीड़ितों को विभिन्न रस्सी बचाव व अन्य तकनीक के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मेडिकल एजेंसियों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस पूरे अभ्यास के दौरान इंसिडेंट रिस्पोंस सिस्टम (IRS) के दिशा-निर्देशों पर जोर दिया गया और इसका पालन किया गया। इस मॉक अभ्यास मे एनडीआरएफ व जिला प्रशासन चित्रकूट के अधिकारी,स्वास्थ्य विभाग, मैहर रोपवे के कार्मिक,पुलिस विभाग,वन विभाग व फायर डिपार्मेंट और पर्यटक विभाग के कार्मिक व आम जनमानुष की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसके साथ ही डीडीएमए,स्वास्थ्य,होमगार्ड,अग्नि शमन विभाग,वन विभाग,अस्पताल के कर्मचारी,रोप-वे टीम के कर्मचारी,विभिन्न हितधारकों के कर्मियों, आगंतुक एवं मीडियाकर्मी ने भाग लिया। मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य सभी हितधारकों के बीच समन्वय बनाना, उपचारात्मक उपाय करना, संसाधनों की दक्षता की जांच करना और प्रतिकूल स्थिति में बचाव कार्यवाही को परखना था, जिससे कभी भी केबल कार (रोपवे) दुर्घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए मानव जीवन को बचाया जा सके। एनडीआरएफ बचावकर्ताओं द्वारा प्रदर्शित पेशेवर कौशल की जिला प्रशासन द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।

### कोठी पुलिस ने दो पशु तस्करों को किया गिरफ्तार

**सतना।** कोठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तस्करी के लिये मवेशियों एवं अवैध शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को ट्रक समेत जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दो आरोपियों से 60 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 19 नग भैंस पड़वा जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में असरफ अली पिता शौकत अली उम्र 32 वर्ष निवासी टिकुरिया थाना मारकुण्डी उ.प्र.,राजा रैकवार पिता फूलचन्द्र रैकवार उम्र 36 वर्ष निवासी खूंथी थाना सिटी कोतवाली सतना शामिल हैं। भैंस पड़वों की कीमत 1 लाख 90 हजार, अवैध शराब 12 हजार तथा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक की कीमत 8 लाख रुपये बतायी गयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सतना तरफ से एक ट्रक क्र.एमपी 19 एचए 0092 में अवैध शराब व मवेशी लोड है,कोठी की तरफ आ रहा है, मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने पर कोठी पुलिस टीम द्वारा सतना-चित्रकूट रोड सोनौर चौराहा पास सतना की ओर से आ रहे उक्त नंबर के ट्रक को रोककर चेक किया गया तो ट्रक में 19 नग भैंस पड़वा एवं 4 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी महुआ की अवैध शराब पाई गयी। 19 नग भैंस पड़वा,60 लीटर महुआ की अवैध शराब एवं ट्रक को मौके पर जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर पशु क्रूरता अधिनियम, मोटरयान अधिनियम एवं आबकारी एट अंतर्गत कार्यवाही की गई।





### जिला चिकित्सालय सतना में हुआ हेल्दी स्टेप-हेल्दी लाइफ कैंप

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि गुरुवार को जिला चिकित्सालय सतना में क्लबफुट से पीड़ति बच्चो के पंजीयन एवं उपचार के लिये हेल्दी स्टेप-हेल्दी लाइफ कैंप आयोजित किया गया। कैंप में में अस्थि विशेषज्ञ डॉ प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा क्लब फुट के 7 बच्चों का पोनसेटी विधि से इलाज किया गया। 4 बच्चों को जूते प्रदान किये गये एवं 5 बच्चों को मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। कैंप में 16 बच्चों का किया गया था। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला,डॉ शरद दुबे,डॉ निर्मला पांडेय सहित अस्पताल के चिकित्सगण उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को जिला अस्पताल सतना में क्लबफुट का आयोजन किया जाता है। जिसमें अनुष्का फाउंडेशन द्वारा बच्चों को जूते निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं।

## अगली बैठक तक लक्ष्य पूरे नहीं हुये तो कटेगा 15-15 दिन का वेतन

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत,जनपद पंचायत के अधिकारियों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा मनरेगा के उपयंत्रियों की बैठक लेकर मनरेगा,जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य योजनाओं के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी जनपद में अपूर्ण कार्यों की उपयंत्री वार समीक्षा करते हुए अगले महीने की समीक्षा बैठक से पूर्व अपूर्ण कार्यों के लक्ष्य देते हुए कहा कि एक माह में लक्ष्य को पूरा नहीं करने पर सभी उपयंत्रियों की 15-15 दिवस की वेतन काट ली जाएगी। मनरेगा के लेबर बजट की लक्ष्य प्राप्ति नहीं होने पर कलेक्टर ने मनरेगा के सभी एपीओ को संविदा सेवा समाप्त करने की नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल,जनपद के सीईओ,एपीओ,एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जनपद पंचायत मझगवां,नागौद, सोहावल,उचेहरा,रामपुर बघेलान में पदस्थ मनरेगा के उपयंत्री वार चल रहे और अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण कार्यों के हिसाब से 40-50 प्रतिशत अपूर्ण कार्य अगले माह तक पूरा करने का लक्ष्य भी दिया है। उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य दिए जा रहे हैं उन्हें गंभीरता से लेकर पूर्ण करने का प्रयास करें। अन्यथा कि स्थिति में संविदा समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही 15-15 दिवस का वेतन भी काटा जाएगा। मनरेगा और जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्राम पंचायतो में नये काम स्वीकृत नहीं करने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के अमले की फील्ड में प्रेजेन्स दिखनी चाहिये। ग्राम पंचायत में उपयंत्री जाकर ग्राम पंचायत में हो सकने वाले कार्यों की कार्य योजना और इस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समय पर पूरा करें। लेबर बजट की समीक्षा करते हुए प्रत्येक जनपद में हजारों एक्टिव लेबर होने के बावजूद जनपद पंचायत में 100 दिवस का रोजगार मुहैया कराये गये अति न्यून श्रमिकों की संख्या पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी प्रकट की। पोषण वाटिका के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि पोषण वाटिका को संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी केंद्रों से मैपिंग करें और सब्जी अथवा फल के उत्पादन को केंद्र के बच्चों को पोषक आहार के रूप में उपलब्ध करायें। अमृत सरोवर और पुष्कर धरोहर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन संरचनाओं को उपयोगी बनायें। उन्होंने कहा कि बरसात के समय किसी भी निर्मित जल संरचना के टूट-फूट या बहने की घटना नहीं होनी चाहिए। जल संरचनाओं के वेस्ट बियर समुचित रूप से होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई जल संरचना क्षतिग्रस्त होगी तो संबंधित उपयंत्री पर जिम्मेदारी निर्धारित कर निलंबित किया जाएगा। मनरेगा के लेबर बजट की लक्ष्य प्राप्ति नहीं होने और न्यूनतम संख्या में मजदूरों को 100 दिवस का और रोजगार उपलब्ध कराने पर कलेक्टर ने सभी विकास खंडो के एपीओ को संविदा समाप्त करने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। गौशालाओं के निर्माण की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्मित गौशालाएं संचालित होनी चाहिए और उनमें सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश पशुओं को रखा जाए। गौशालाओं का पंजीयन गौसंवर्धन बोर्ड में करायें। अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 300 से अधिक संख्या में अपूर्ण कार्य लंबित रहने वाले उपयंत्रियों की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश


हरिभूमि

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



मैहर जिले में ब्यूरो कार्यालय देना है

इच्छुक व्यक्ति सुरक्षानिधि के साथ संपर्क करें

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई जबलपुर

मोबा- 9340637789 9479623424

## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु पंजीयन के पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण 4 जुलाई को

**पन्ना।** आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय एवं जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जन्म-मृत्यु ऑनलाइन पंजीयन से संबंधित पोर्टल के बारे में आगामी 4 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय अर्द्धदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में निदेशालय के अधिकारी इकाईयों द्वारा पंजीयन के कार्य को सरलता एवं सुगमतापूर्वक करने की प्रक्रिया और पंजीयन कार्य के दौरान तकनीकी कठिनाईयों के निवारण के संबंध में आवश्यक जानकारी देंगे। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु सुरेश कुमार द्वारा सर्वसंबंधितों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से स्वयं एवं अधीनस्थ शाखा प्रभारी/डाटा एंट्री ऑपरेटर के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर समस्त निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने तथा निरंतर मॉनीटरिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विभागवार वृहद निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी लेकर पूर्ण हो चुके एवं आगामी दिनों में पूर्णता वाले निर्माण कार्यों का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण कराने के लिए कहा। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अवरोध की स्थिति में अविलंब अवगत कराने तथा एजेंसी को निर्धारित शर्त अनुसार कार्य पूर्ण कराने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पवई के करही रोड स्थित जय श्रीराम मेडिकल में होगा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पवई।** आगामी 27 जून को उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन इकाई पवई एवं जीडी मेमोरियल हॉस्पिटल कटनी के तत्वाधान में पवई विधायक प्रहलाद लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं सुधीर अग्रवाल,बसंत दहायत नगर परिषद अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में शिशु एवं महिला रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसको लेकर बुधवार को श्री राम मेडिकल स्टोर करही रोड में प्रेस वार्ता का आयोजन किया

## पुरानी जनपद एवं पुरानी अस्पताल को कब्जा मुक्त कर जेसीबी से किया ध्वस्त

# कंडम पड़े शासकीय भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर पुराने जीर्ण-शीर्ण पड़े शासकीय भवनों को ध्वस्त जानें निर्देशित किया गया था जिससे बारिश के मौसम में कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। इसी कड़ी में जनपद पंचायत के अधीन आनें वाले बड़ा बाजार स्थित पुरानी जनपद कार्यालय जो काफी हद तक जीर्ण-शीर्ण हालत में था उसको आज कब्जा मुक्त कराकर नगरपालिका के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा ध्वस्त कराया गया वहीं नगरपालिका प्रशासन के अधीन आनें वाली पुरानी अस्पताल जो काफी कंडम स्थिति में पहुंच गई थी उस भवन को भी गिराने की कार्रवाई की गई। बुधवार को नगर के बीचों-बीच स्थित हजारी घाट में कई वर्षों पुरानी शासकीय अस्पताल जिसे नगर के लोग खैराती अस्पताल के नाम से जानते है जिसकी स्थिति बहुत ही कंडम स्थिति में पहुंच गई थी लेकिन कुछ कब्जाधारियों द्वारा इसके कमरों में



अपना कब्जा जमाकर निवासरत थे और उसका उपयोग कर रहे थे जिन्हें नगरपालिका प्रशासन द्वारा कमरों को खाली करानें नोटिस जारी कर उन्हें जेसीबी मशीन से गिराया गया। कार्रवाई के मौके पर सीएमओ राजेन्द्र खरे इंजी.जाकिर रंगरेज सहित नगरपालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### रातों-रात ढुल गई आधी सामग्री

वहीं पुराने खैराती अस्पताल भवन के गिरने की जानकारी लगते ही कुछ लोगो द्वारा शाम से ही इन भवनों में लगी सामग्री को रातों रात पुराने खप्पर लकड़ी गेट जंगला एवं अन्य सामग्री को ले जाना सामने आ रहा है जिसकी जानकारी सीएमओ राजेन्द्र खरे को मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां सामग्री को ले जानें वाले लोग नदारद हो गये और उनके जाते ही पुनः सामग्री की ढुलाई रातों रात चलती रही।जिसकी शिकायत पुलिस थाना में किए जानें की बात सीएमओ द्वारा कही गई।

### राज्य स्तरीय ओपन बैंडमिटन प्रतियोगिता जबलपुर में आज से

**दमोह।** जबलपुर स्थित रानी ताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में राज्य स्तरीय ओपन बैंडमिटन टूर्नामेंट आज 27 जून से प्रारंभ हो रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन जिला बैंडमिटन एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारी एन. सुब्रामणि एवं लोकनाथ तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 27 जून से 30 जून के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न आयुवर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले रहें हैं।

### तेंदूखेड़ा में 14 जुलाई को होगा सीएम कन्या विवाह

**तेंदूखेड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना का सामूहिक सम्मेलन दिनांक 09 जुलाई 2024 स्थान कृषि उपज मंडी प्रांगण जनपद पंचायत तेंदूखेडा क्षेत्रान्तर्गत किया जाना निर्धारित किया गया था जिसमें संशोधन कर विवाह दिनांक 14 जुलाई 2024 नियत की गई है।अतः उक्त संबंध में सरपंच सचिन एवं रोजगार सहायकों सहित सभी को निर्देशित किया जाता है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो से प्राप्त आवेदनो कों दिनांक 03 जुलाई 2024 तक इस कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करे। समय सीमा निकलने के पश्चात आवेदन मान्य नही किये जावेगे।

# दो जुलाई से पंद्रह दिन तक फिर हो सकेंगे विवाह

**17 जुलाई से 4 माह तक नहीं हो सकेंगे विवाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

2 जुलाई से 15 दिन तक एक बार फिर होंगे विवाह, गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रैल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो जाएगा। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है, अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, भवन-वाहन, आभूषण की खरीदारी शुरू हो जाएगी। शुक्र ग्रह के उदय होने से विवाह आदि के लिए इंतजार कर रहे लोगों को 2 से 16 जुलाई तक लगातार शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके चलते जिनके विवाह तय हो चुके हैं, उन्होंने तैयारियां आरभ कर दी हैं। इसके बाद फिर 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि शुक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा। इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई 15 दिन तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मैरिज गार्डन, बारातघर के संचालकों के अनुसार जुलाई में विवाहों के आयोजन के लिए नगर के मैरिज गार्डन तैयार हैं। वर्षा के चलते इन मैरिज गार्डन व बारातघरों को बुकिंग मिली हैं। वर्षा को देखते हुए गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बरसात के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के आर्डर दिए हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी यह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु यह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये शुभ नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रैल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 2 जुलाई से विवाह आरभ हो जाएंगे।

# स्वास्थ्य विभाग के वायरल वीडियो में पुलिस ने तीन पर किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

21 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला का नर्सिंग स्टाफ द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाकर बाहरी लोगों को दिया गया था। इसके बाद बाहरी लोगों द्वारा वीडियो को वायरल किया गया वायरल हुए वीडियो से एक महिला की अस्मिता भंग हुई है और महिला को शर्मसार करने की कोशिश की गई है साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सीबीएमओ को फंसाने एवं उनकी छवि को खराब करने का प्रयास भी किया गया था। इस गंभीर मामले में पुलिस ने 25 दिन बाद तीन लोगों के उपर एफआईआर दर्ज की हैं पुलिस ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की रेडियोग्राफर स्टांफ नर्स एवं नगर के अन्य व्यक्ति के उपर धारा 354द, 292, 66ई, 67 के तहत मामला दर्ज किया गया हैं। इसके अलावा जांच में अन्य लोगों के नाम भी बढ़ाएं जा सकते है। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें सीसीटीव्ही के अनुसार उक्त वीडियो को नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से रेडियोग्राफर के द्वारा बनाया गया है। नर्सिंग स्टाफ के द्वारा वीडियो बनाने वाले को स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन करते हुए आवाज रिकार्ड हुई है। जिसमें महिला का सीना वीडियो में आ जाए इस प्रकार का मार्गदर्शन इनके द्वारा दिया गया है। इसके बाद ये वीडियो बाहरी लोगों को वायरल किया गया। उक्त विडियों इनकी जानकारी में रिकार्ड किया गया है। उक्त समस्त एक्टिविटी वीडियो की मोबाईल रिकार्डिंग की समस्त जानकारी सीडी में संरक्षित कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की सीबीएमओ द्वारा की गई थी। मामले में अस्पताल के स्टांप नर्सो का हाथ होना सीसीटीव्ही कैमरे के अनुसार पाया गया था। स्टाप नर्सो ने एकजुट होकर योजना के अनुसार महिला को डयूटी रूम में बुलाकर वीडियो बनाया गया था साथ ही सीबीएमओ डाक्टर बागरी को फंसाकर बदनाम करने की कोशिश की गई थी इस मामले में डॉक्टर आरआर बागरी का कहना है कि उक्त गंभीर मामले की जानकारी मुझे वायरल हुए वीडियो के माध्यम से लगी थी मामले में स्टाफ नर्सो द्वारा वीडियो बनाकर बाहरी स्टॉप को दिया गया इसके बाद कुछ व्यक्तियों द्वारा इसे फैला दिया गया। इसके बाद तेंदूखेड़ा थाने आवेदन के साथ साक्ष्य के रूप में सीडी प्रस्तुत की गई है मेंने दोषी पाए गए कर्मचारी की जांच कर कार्रवाई करने साथ ही उच्च अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया गया था।
थाना प्रभारी फेमिदा खान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के वायरल वीडियो के मामले में तीन लोगों पर अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। मामला जांच में हैं आगे आरोपियों की संख्या बढ़ सकती हैं।

## नशा निषेध दिवस पर किया कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दमोह के मार्गदर्शन मे उन्मुक सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था दमोह ने फुटेरा वार्ड 4 मे नशा निषेध दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमे संस्था से आये राहुल पाठक ने बताया की हर साल 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में बताना है। साथ ही अवैध दवा व्यापार के जोखिमों के बारे में भी जागरूक करना है। आजकल लोग शराब, ड्रग्स, गांजा और हेरोइन जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं। इनसे हो सके आपको कुछ देर के लिए अच्छा फील हो, लेकिन इनकी लत आपको कई तरह की परेशानियों का शिकार बना सकती है। बड़े ही नहीं बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इस्तेमाल के साथ ही ड्रग्स के अवैध तस्करी के भी मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। इन्हीं चीजों पर लगाम कसने के मकसद से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस की शुरुआत हुई थी। इस कार्यशाला मे लगभग 80से 100 लोगो की उपस्थिति रही।

## सुदामा चरित्र से जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख मिलती है- पं. उमाशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

यादव मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन पं. उमाशंकर शास्त्री ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए, अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे। लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। भावसिंह लोधी, मूरतसिंह लोधी, कथा श्रोता रामकुमार यादव भूरे यादव एवं समस्त यादव परिवार बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ द्वारा आज किया जायेगा स्वास्थ्य परीक्षण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि आज 27 जून को जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल हटा, एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर (बीड़ी कालोनी) सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण जांच, समुचित उपचार सेवायें विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी। चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ दक्षता स्किल एम.ओ. द्वारा सेवायें दी जायेगी। इन सभी संस्थाओं में स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाली जोखिम वाली महिलाओं की सूची तैयार की गई है। संबंधितों को क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच परीक्षण क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने जानकारी भी दी गई है। ज्ञातव्य है कि हर माह की 9 एवं 25 तारीख को ई.पी.एम.एस.एम.ए. के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में जोखिम वाली चिन्हित गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच, परीक्षण एवं समुचित उपचार हेतु विशेष क्लीनिक आयोजित किये जाते हैं। तीन दिवसीय पल्स पोलियों अभियान 23 से 25 संचालित होने की वजह से ई.पी.एम.एस.एम.ए. क्लीनिक आज 27 जून को आयोजित किये जा रहे है।

# सर्पदंश के मरीज को तुरंत अस्पताल लेकर जाए झाड़-फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में न पड़े

**सर्पदंश की स्थिति में क्या करें, क्या न करें, संबंध में एडवाईजरी जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सर्पदंश की स्थिति में क्या करें, क्या न करें इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने एडवाईजरी जारी करते हुये कहा है प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। बहुधा बारिश के मौसम में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। उन्होंने कहा सांप काटने की घटना सामने आने पर संबंधित को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था यथा जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर चिकित्सक से परीक्षण करवायें। चिकित्सक के परामर्श अनुसार एंटी ब्रेक वेनम से संबंधित की जान बचाई जा सकती है। इन सभी संस्थाओं में सर्पदंश से जीवन रक्षा के लिए जीवन रक्षक एंटी स्नेक वेनम वॉयल उपलब्ध है। अद्यतन स्थिति में जिला औषधि भंडार में 1060 वॉयल जीवन रक्षक एंटी स्नेक वेनम भण्डारित है। आमतौर पर पाया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटना सामने आने पर ग्रामीण जन डॉक्टर के पास जाने के बजाय झाड़ फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में उलझकर अथवा घरेलु उपाय मिर्च या नीम के पत्ते खा लेने से जहर नहीं फैलता, इस तरह की भ्रांति के चलते पीड़ित व्यक्ति की जान को खतरे में डाल देते है। सांप जहरीला हो तो घरेलू उपचार काम नहीं करते इसलिए इसमें समय बर्बाद न करें। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाये। पीड़ित व्यक्ति को जहां सांप ने काटा है, वहां पर चीरा नहीं लगाना चाहिए इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

### सर्पदंश के लक्षण

सांप काटने पर काटने वाली जगह पर सूजन आ जाती है, जबड़े, घुटने पर दर्द शुरू हो जाता है, यह इंगित करता है कि शरीर में जहर फैलने लगा है। पीड़ित व्यक्ति को गुनगुना पानी पिलाये, उल्टी करायें ताकि जहर अंदर न फैले झाड़-फूंक नीम-हकीम के चक्कर मे न पड़कर सांप काटने पर मरीज को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल लेकर जाएं।

### सांप काटने पर प्राथमिक उपचार के लिए क्या करें

इस बात का ध्यान रखे कि जिस जगह पर सांप ने काटा है उसे बिल्कुल न हिलाये। अगर सांप ने मरीज को पांव में काटा है तो व्यक्ति के लिए चलना भी मना है, ऐसी स्थिति में उसे स्ट्रेचर, खाट के माध्यम से यथाशीघ्र अस्पताल लेकर जायें। इस दौरान सांप काटने के समय का ध्यान रखें। ब्लीडिंग होने के बाद खून को बहने दे। जिस स्थान पर सांप ने काटा है, उस स्थान अथवा अंग को साबुन और पानी से धो लें। काटे गये स्थान के उपर ढीली साफ पट्टी अथवा कपड़ा बांधकर घाव को कवर कर दे। इस बात का ध्यान रखे कि कपड़ा बहुत ज्यादा न कसा हो न ही बहुत अधिक ढीला हो। इस तरह प्राथमिक उपचार के बाद जल्द से जल्द अस्पताल पहुँचे। समय पर अस्पताल पहुँचने पर व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। देर हो जाने पर दवायें काम नहीं कर पाती है। ध्यान रखें सर्पदंश से जीवन रक्षक एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है।

## अब तक 400 शीट बॉल बनाए




**पथरिया।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में पथरिया के किशुनगंज सेक्टर में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति पथरिया द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक और ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पथरिया के विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपास्थित रहें। उमाशंकर उपाध्याय ने कहा कि हमें पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए, इस लिए सभी की जन सहभागिता से प्रत्येक ग्राम के स्कूल, आगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन और अन्य सभी जगह पर निरंतर प्रतिदिन नीम, आम, जामुन, बबूल, एवं अन्य पौधो के बीजों को एकत्रित कर उनका शीटबॉल निर्माण करना है। और उन्हें आगामी दिनों में रोपित करना हैं। उसी क्रम में किशुनगंज सेक्टर में संचालित नवांकुर संस्था द्वारा 5000 शीटबॉल निर्माण करने का लक्ष्य लिया गया है। इसके साथ समिति द्वारा ग्रामों में नशीली दवाइयां के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर नशा मुक्ति अभियान की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल, कार्यक्रम समन्वयक बसंत पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से मुकेश पाण्डेय, सुमन गुप्ता, उमा पटेल, राजू कुर्मी, सहित स्कूल के शिक्षक, आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और छात्र छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

# डीएपी के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद का करें उपयोग

पन्ना

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसान भाईयों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद के उपयोग के संबंध में सूचित किया गया है। बताया गया है कि वर्तमान में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से अधिक हो रहा है, जिससे जमीन की उर्वरा क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। किसानों द्वारा निरंतर अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग किया जा रहा है।
विभाग द्वारा दी गई जानकारी में अवगत कराया गया है कि डीएपी उर्वरक में फास्फोरस तत्व अधिक मात्रा में होने से फास्फोरस एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है और फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं। जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसलिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों द्वारा एनपीके उर्वरक का उपयोग करना अच्छा उपाय है। इससे फसलों का उत्पादन अधिक होने के कारण जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके के उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होने और फसल की आवश्यकतानुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है और जमीन में अतिरिक्त तत्वों का संग्रहण भी नहीं होता। साथ ही फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है। किसान भाईयों द्वारा फसल की उर्वरक पूर्ति के दृष्टिगत डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है।

### 80 साल की आयु में साहब दुबे का निधन

**बनवार।** ग्राम के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार के वयोवृद्ध साहब दुबे का आज 80 साल की आयु में निधन हो गया जिनके निधन की खबर लगते ही बनवार सहित आसपास ग्रामों में शोक व्याप्त है जिनका अंतिम संस्कार बनवार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की वही शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक शोक संवेदनाएं व्यक्ति की दिवंगत आत्मा साहब दुबे विजय शंकर दुबे के पिता श्री भगवताचार्य पंडित उमाशंकर दुबे के दादा श्री थे।

# आवेदक को वांछित सेवा का लाभ निश्चित समय-सीमा में प्राप्त हो जाये-कलेक्टर

### आवेदनों की समीक्षा प्रत्येक साप्ताहिक समीक्षा बैठक में की जायेगी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के समस्त पदाभिहित अधिकारियों से कहा है आवेदकों को वास्तविक रूप से निश्चित समय-सीमा में सेवा प्राप्त हो सके इसी उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रदेश के नागरिकों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर चिन्हित लोक सेवाओं का लाभ प्रदाय करने वर्ष 2010 से ₹मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010₹ लागू किया गया है। अधिनियम के तहत आवेदकों के द्वारा अपने आवेदन **MPeDistrict / RCMS / Pension** इत्यादि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कराये जाते हैं, इसमें आवेदकों को रसीद प्राप्त होती है, जिसमें वांछित सेवा के आवेदन के निराकरण की अंतिम तिथि का उल्लेख रहता है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा संबंधित पदाभिहित अधिकारी का उत्तरदायित्व है कि उस अंतिम तिथि के पूर्व आवेदन का निराकरण कर दिया जाये, अर्थात यदि आवेदन स्वीकृत किया जाता है तो आवेदक को वांछित सेवा का लाभ निश्चित समय-सीमा में प्राप्त हो जाये अथवा आवेदन निरस्त होने की स्थिति में आवेदक को कारण सहित सूचना जारी दी जाये। उन्होंने कहा पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अवलोकन उपरांत यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय पदाभिहित अधिकारियों के द्वारा विभिन्न सेवाओं के आवेदनों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा की अंतिम तिथि के शाम 06 बजे के पश्चात भी निराकृत किये जा रहे हैं, जिससे लोक सेवा केन्द्रों पर निर्धारित अंतिम तिथि के दिवस कार्यालयीन समय में वांछित प्रमाण पत्र अथवा दस्तावेज प्राप्त करने हेतु उपस्थित होने वाले आवेदकों को वास्तविक रूप से निश्चित समय-सीमा में सेवा प्राप्त नहीं हो पाती है, जो अधिनियम व शासन की मंशा के विपरीत है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस संबंध में पूर्व मे भी निर्देश जारी किये गये हैं और पुनः निर्देशित किया जाता है कि, ₹मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010₹ के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा की अंतिम तिथि के 01 दिवस पूर्व करते हुए वांछित प्रमाण पत्र / दस्तावेज संबंधित लोक सेवा केन्द्रों को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये, ताकि लोक सेवा केन्द्रों पर अंतिम दिवस मे पहुँचने वाले आवेदकों को वांछित सेवा का लाभ शासन की मंशानुसार अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में वास्तविक रूप से प्राप्त हो सके। पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिनियम के तहत निराकृत किये जाने वाले आवेदनों की समीक्षा प्रत्येक साप्ताहिक समीक्षा बैठक में की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### मंडी समिति की बैठक संपन्न, 40 पैसे की पूर्व भांति रहेगी तुलावटी की मजदूरी दर



**हरपालपुर।** कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय में बुधवार को तुलावटी दर समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक, शशिकांत शुक्ला जिला पंचायत कृषि समिति अध्यक्ष, तहसीलदार भारसाधक संदीप तिवारी, मंडी गोलेलाल आदिवासी और मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू मौजूद रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि तुलावटी दर पूर्व भांति 40 पैसे प्रति सैकड़ा है उसी दर पर व्यापारियों द्वारा भुगतान किया जाएगा। बैठक में विधायक कामाख्या सिंह ने कहा कि व्यापारियों एवं तुलावटियों के संघ के अध्यक्ष को अगली बैठक में बुलाया जाए जिससे तुलावटी मजदूरी दर आपसी सहमति बनाई जा सके।गौरतलब है कि मंडी में कुछ व्यापारियों द्वारा तुलावटियों को उनकी मजदूरी का दर के हिसाब से भुगतान नहीं किया जाता हैं साथ ही दरों को लेकर आये दिन व्यापारियों एवं तुलावटियों को में विवाद की स्थिति बनती है। बीते वर्ष इसी विवाद के चलते कई दिनों तक मंडी बंद रही। कभी तुलावटियों ने मंडी में काम का बहिष्कार किया तो कभी व्यापारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने से कृषि उपज मंडी का काम प्रभावित हुआ जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने अन्य मंडियों में जाना पड़ा।

### आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में लोगों के हेल्थ कार्ड बनाए जाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**छतरपुर।** नीति आयोग के संपूर्ण अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट में आंकाक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में सभी पैरामीटर की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बक्सवाहा का निरीक्षण कर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि बक्सवाहा के सभी निवासरत लोगों के हेल्थ कार्ड बनाए जाएं। साथ ही उनका बीपी, शुगर इत्यादि हेल्थ परीक्षण के पैरामीटर्स दर्ज किए जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन एवं पहले तिमाही में एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराए जाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने महिला सशक्तिकरण के लिए बक्सवाहा में प्राथमिकता के आधार पर लाभ मूलक एवं रोजगार मूलक सुविधाओं और योजनाओं से जोडऩे के निर्देश दिए। साथ ही स्व सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा लोगों के रहन-सहन एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अहम कदम उठाए जाएं।

---

*जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सागर जिले से आए जन शिक्षकों का चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर*

*फंडामेंटल लिट्रेसी एंड न्यूमरेसी मॉनिटरिंग का चल रहा प्रशिक्षण*

# चाय में दूध की जगह पानी और बासी रोटी मिलने का जनशिक्षकों ने लगाया आरोप

**नौगांव**

शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सागर जिले के जनशिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में अनियमितता एवं अव्यवस्थाएं देखने को मिल रहीं हैं। जिसके चलते बुधवार को प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली चाय का जन शिक्षकों ने बहिष्कार कर दिया तो वहीं दोपहर के भोजन में बासी रोटी मिलने के आरोप भी प्रशिक्षणार्थियों ने लगाए लगाए हैं, हालांकि डाइट के प्राचार्य ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है, प्राचार्य ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 18 शिक्षकों को नोटिस जारी होने के कारण शिक्षकों के द्वारा बेवजह आरोप लगाने की बात कही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चों के लिये बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'निपुण भारत मिशन' (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2026-27 तक निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये वर्ष 2021 में मिशन अंकुर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इसी मिशन अंकुर अभियान के तहत निपुण प्रोग्राम के माध्यम से शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 24 जून से 28 जून तक सागर जिले के 102 जनशिक्षकों को



एफ एलएन यानी फंडामेंटल लिट्रेसी एंड न्यूमेरेसी (आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) की मॉनिटरिंग करने एवं मेंट्रिंग एप में दक्ष बनाने को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। डाइट में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भारी अनियमितता एवं अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। शिविर के तीसरे दिन जनशिक्षकों ने बताया कि शिविर के दौरान मिलने वाली चाय में दूध के स्थान पर पानी की मात्रा अधिक रही या यूं कहें कि चाय में दूध की मात्रा नाममात्र की रही जिसके चलते जनशिक्षकों ने चाय न पीने का फैसला किया। इसके बाद दोपहर को मिलने वाले भोजन की थाली में बासी रोटी देने के आरोप भी जन शिक्षकों ने डाइट प्रबंधन के ऊपर लगाए। तो वहीं कुछ जनशिक्षकों ने रोटी से अलग प्रकार की स्मेल आने, रोती खट्टी आदि होने की शिकायत करते हुए खाने से इंकार करते हुए हंगामा कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही डाइट प्रबंधन ने तुरंत फुरंत मामले को निपटाने के लिए हंगामा कर रहे शिक्षकों के लिए दूसरी भोजन को थाली की व्यवस्था कर दी। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

### जन शिक्षक बोले 1 हजार प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन का बजट, लेकिन सुविधा कुछ नहीं, 5 लाख 20 हजार का बजट लगा रहे ठिकाने -

सागर से प्रशिक्षण लेने आए जनशिक्षकों ने बताया कि शासन ने प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों के लिए 1 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बजट जारी किया है, यहां चल रहे प्रशिक्षण में सागर जिले के 102 एवं टीकमगढ़ जिले की 2 महिला शिक्षकों सहित कुल 104 व्यक्ति प्रशिक्षण ले रहे हैं, इस हिसाब से 1 लाख 4 हजार रुपए एक दिन का और पांच दिन का 5 लाख 20 हजार रूपये बजट शासन से मिला है। जिसमें प्रशिक्षण सामग्री के नाम पर स्टेशनरी, रुकना खाना आदि शामिल है। डाइट प्रबंधन ने प्रशिक्षण केंद्र के पास संचालित शिक्षा विभाग के किसी विनोद गुप्ता के होटल मंगलम से सांठगांठ की है। जिसमें एक हाल में 82 लोगों को और एक हॉल 30 लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है, जबकि बाकी नाश्ता और खाने के नाम पर खराब एवं निचले स्तर का खाना देकर बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है। पहले दिन जब केंद्र में भोजन दिया गया तो कम पड़ गया। दूसरे दिन होटल में टोकन देने के बाद भी भोजन देने में आनाकानी की गई और अब बुधवार को पतली चाय और बासी रोटी देकर बजट ठिकाने लगाने के आरोप जनशिक्षकों ने लगाए हैं।

### प्रशिक्षण के दौरान गायब 18 शिक्षकों को नोटिस जारी किया, इसलिए आरोप लगा रहे - प्राचार्य

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जनशिक्षकों के आरोपों को डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार ने बेबुनियाद बताया है। प्राचार्य का कहना है कि मंगलवार की सुबह उपस्थिति हस्ताक्षर के बाद 18 जनशिक्षक प्रशिक्षण से गायब हो गए और शाम को होने वाली अटेंडेंस से पहले यह लोग फिर से आ गए। जिस कारण से मैने अनुपस्थिति रहने वाले ऐसे 18 शिक्षकों के खिलाफ नोटिस जारी किया है, इसी नोटिस से परेशान होकर यह लोग बेवजह आरोप लगा रहे हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है, इसके बावजूद कुछ लोगों ने रोटी के संबंध में शिकायत की तो हमने होटल से दूसरी थाली मंगवा दी है, कोई मुद्दा नहीं है।

### निपुण प्रोफेशनल प्रभारी बोली समस्या का समाधान हो गया है -

सागर जिले के जनशिक्षकों के दल को लेकर आई निपुण प्रोफेशनल प्रोग्राम की जिला प्रभारी शालू शर्मा का कहना है कि कुछ दिक्कतें थी, प्राचार्य के सहयोग से समाधान हो गया है। जनशिक्षकों ने सुबह चाय एवं दोपहर के भोजन में रोटी को लेकर आपत्ति की थी, तो हमने प्राचार्य को अवगत कराया। प्राचार्य ने समस्या का समाधान करा दिया है, फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है।

---

# वायरल वीडियो के पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि स्वीकृत

**छतरपुर**

वायरल वीडियो संज्ञान में आते ही छतरपुर पुलिस की संयुक्त गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल ही घटना से संबंधित सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार एवं वाहन जप्त किए गए थे। हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध हथियार, आईटी एक्ट, एससी एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। दो अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की गई है। उक्त प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति को मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि की स्वीकृति हेतु थाना कोतवाली, थाना सिविल लाइन एवं थाना अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण जिला छतरपुर द्वारा प्रतिवेदन जिला जनजाति कार्य विभाग प्रस्तुत किया गया

जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग की अध्यक्षता में समिति ने उक्त प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति हेतु शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि 2 लाख रुपये स्वीकृत की गई। पहली किस्त में कुल स्वीकृत राशि का एक चौथाई भाग 50000 रुपये राहत राशि पीड़ित के खाता में भेजी जा रही है।

---

# प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से किए जा रहे बोर

### प्रतिबंध का हवाला देकर लोगों से वसूले जा रहे अतिरिक्त पैसे

**महाराजपुर**

मध्यप्रदेश के तमाम जिलों में लोकसभा चुनाव के समय बोरवेल उत्खनन तथा तालाब और पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई किए जाने को प्रतिबंध किया गया था, लेकिन उक्त आदेश का महाराजपुर क्षेत्र में कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में बोरवेल उत्खनन से लेकर तालाबों के पानी से सिंचाई जैसे सभी



कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं और प्रदेश शासन का आदेश जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालय में धूल खा रहा है। बोरिंग मशीन के संचालकों द्वारा इसी आदेश की आड़ में लोगों से अधिक पैसे वसूलने की जानकारियां भी सामने आ रही हैं। छतरपुर जिले में कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा 16 मार्च 2024 को ट्यूबवेल खनन, बोर तथा पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था जिसके चलते लोग चोरी-छिपे बोर करवा रहे हैं और इसके एवज में उन्हें अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि प्रदेश के कई जिलों में अब यह प्रतिबंध हटा लिया गया है लेकिन छतरपुर जिले में कलेक्टर का आदेश अभी भी प्रभावशील है। परिणामस्वरूप मार्च से पहले जहां लोगों को बोर कराने के लिए 80 से 100 रुपए स्क्वायर फीट की दर से पैसा लगता रहा था वहीं वर्तमान में लोगों को 130 से 150 रुपए स्क्वायर फीट की दर से पैसे देने पड़ रहे हैं, के आरोप लग रहे है।

---

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक रोकी जाए नामांतरण की कार्रवाई

## अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर युवक ने की मांग

**छतरपुर।** गुरूवार को छतरपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पडुवन दालौन के रहने वाले उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि गांव में मौजूद उसकी पैत्रिक जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लेकिन विपक्षी हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर नामांतरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक नामांतरण की कार्रवाई न किए जाने की मांग की है।

उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि वर्ष 1984 में उसके स्वर्गीय दादा ने शंकर सिंह से दालौन मौजा



में स्थित खसरा नंबर 1129, 1130, 1131 की जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री और नामांतरण उसी समय हो गया था। इसके बाद वर्ष 2007 तक दीक्षित परिवार इस भूमि पर कृषि कार्य करते रहा। 2007 में गांव के बल्दुवा कुशवाहा और उसके परिवार ने उक्त जमीन पर जिला न्यायालय में केस दायर कर दिया, जिसका फैसला दीक्षित परिवार के पक्ष में आया। इस फैसले के विरुद्ध कुशवाहा परिवार ने एडीजे कोर्ट में सेकेन्ड अपील की थी, जिसके बाद जिले से हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। वर्तमान में प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में है, जहां 8 जुलाई 2024 को पहली सुनवाई होना है, लेकिन कुशवाहा परिवार हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर उक्त जमीन का नामांतरण आने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश दीक्षित ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता तब तक हाईकोर्ट के आदेश पर नामांतरण की कार्रवाई न की जाए।

---

# घर में सो रही महिला को जहरीले सर्प ने डसा, मौत



**छतरपुर।** जिले के गुलगंज कस्बे में रहने वाली एक महिला को बीती रात सोते वक्त जहरीले सर्प ने डस लिया था। परिजन उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल लाए थे लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। गुरूवार को महिला का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज निवासी बृजेश खंगार की 28 वर्षीय पत्नी यशोदा रोज की तरह घर में सो रही थी। रात के वक्त एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। यशोदा की चीख सुनकर घर के अन्य लोग जागे और उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरु किया। गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान यशोदा की मौत हो गई। मौत की पुष्टि होने के बाद यशोदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

# ज़िले में एक मात्र सर्किट हाउस जहां कई वर्षों से अधिकारियों का क़ब्ज़ा

**सिगरौली :** माजन मोड़ नगर निगम के सामने मध्यप्रदेश शासन पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनवाया गया हैं जिसमें रुकने के लिए छः कमरें है सर्किट हाऊस में रुकने के लिये मंत्री सांसद या अन्य अधिकारियों को दिया जाता है जिसका संचालन एसडीएम सिंगरौली द्वारा किया जा रहा है मगर अभी एक से दो वर्षों से लगातार श्री मति सविता यादव तहसीलदार,दूसरे रूम अभिषेक यादव नायब तहसीलदार,तीसरे रूम में मान सिंह आर्मो (ASLR),चौथे रूम में सुश्री प्रतीक्षा सिंह नायब तहसीलदार,प्रशांत पाण्डेय सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग इन लोगो द्वारा पाँच रूमों में कब्जा जमाये हुए है अगर ये कही बाहर जाते है तो ताला लॉक करके जाते है क्या ये लोग शासन को पैसा जमा करते है या इन लोगो को आजीवन सर्किट हाउस दे दिया हुआ है बाहर से आने वाले लोगो को काफ़ी कढ़िनाइयो का सामना करना पड़ता है या तो होटलों में रुकना पड़ता है इसकी शिक़ायत एसडीएम सिंगरौली से कई बार कि जा चुकी है मगर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया

---

# फरार गांजा तस्कर को पुलिस दबोचा

**छतरपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा गत मार्च के महीने में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया था, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, जिसके चलते गुरूवार को पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि मार्च माह में करीब डेढ़ किलो गांजा के साथ मौसम खान उम्र 22 वर्ष निवासी टौरिया मोहल्ला को गिरफ्तार किया था। इस कृत्य में मौसम का पिता महबूब खान भी शामिल था, जो फरार हो गया था। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था और फरारा महबूब की तलाश शुरु की गई थी। लंबी तलाश के बाद पुलिस ने महबूब खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महबूब खान एक आदतन अपराधी है, उसके विरुद्ध छेड़छाड़, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब सहित कुल 7 अपराध पहले से दर्ज हैं।

---



# आधा घंटे तक हुई जोरदार बारिश

## दुकानों में भरा पानी, लोगों को मिली गर्मी से राहत

**छतरपुर।** गुरूवार को सुबह से निकली तेज धूप ने लोगों की हालत खराब कर दी लेकिन दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश इतनी तेज थी कि छत्रसाल चौराहे के आसपास मौजूद दुकानों में पानी भर गया और बारिश रुकने के बाद दुकानदार पानी को बाहर निकालते नजर आए। वहीं शहर के भीतरी इलाकों की बात करें तो यहां नगर पालिका की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को परेशानी का सामाना करना पड़ा।

### कई-कई दिनों तक नहीं होती सफाई



दरअसल शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां नगर पालिका द्वारा नियमित साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है और नालियां चोक पड़ी हुई हैं। इसी के चलते गुरूवार को हुई बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी उफन कर मोहल्लों की गलियों में बहता दिखा। इस गंदे पानी से निकल रही बदबू ने लोगों को काफी परेशान किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि नगर पालिका की कचरा गाड़ी कई-कई दिनों तक कचरा उठाने के लिए नहीं आती जिस कारण से मोहल्ले में गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लग जाते हैं। इसी बीच अगर बारिश हो जाए तो यही कचरा पानी के साथ बहकर पूरे मोहल्ले में फैल जाता है। इसके साथ ही नालियों की भी सफाई नहीं की जा रही है, जिस कारण से पानी नहीं निकल पा रहा है गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

### किसानों के चेहरे खिले, शुरु होगी बोवनी

लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे पर बारिश के बाद खिल उठे। दरअसल किसान काफी दिनों से इसी तरह की बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरूवार को लगभग आधा घंटे तक हुई जोरदार बारिश के बाद किसान अब बोवनी के लिए तैयार हैं। किसानों का कहना है कि वे कल से ही बोवनी का कार्य शुरु करेंगे।

---

# नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को नहीं हो परेशानी: एसडीएम

*कलेक्टर के आदेश पर तहसील कार्यालय का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण*



**लवकुशनगर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों का समय से निराकरण और आदेश का अमल त्वरित कराने गुरुवार को एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने तहसील कार्यालय लवकुशनगर का औचक निरीक्षण किया साथ ही राजस्व प्रकरणों की जांच की। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने रेवेन्यू केस के समय से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को राजस्व कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा सुधार कार्य के निराकरण समय से किया जाए। कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने पुराने लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को कोई रिकॉर्ड चाहिए हो तो बार-बार तहसील आने की आवश्यकता न पड़े, लैंड रिकॉड्र्स का भी डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी, स्टैनो यादवेंद्र सिंह धाकड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# राममंदिर बनने की खुशी में साईकिल से चरण वंदन यात्रा कर रहा युवक



**छतरपुर।** पिछले दिनों मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मभूमि पर बनकर तैयार हुए भव्य राममंदिर का निर्माण होने के बाद से पूरे देश के रामभक्तों में उत्साह है। राममंदिर का निर्माण होने की खुशी में एक युवा द्वारा साईकिल से लगभग 700 किलोमीटर की साईकिल यात्रा की जा रही है, जिसका नाम चरण वंदन यात्रा है। यह यात्रा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नर्मदा जल भेंटकर उनका आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से युवा द्वारा की जा रही है। चरण-वंदन यात्रा कर रहे भोपाल निवासी अजय यादव ने बताया कि पिछले दिनों वह राममंदिर के दर्शन करने के लिए अयोध्या गए थे, जहां उनके मन में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करने की इच्छा जागृत हुई। घर वापिस लौटने के बाद अजय ने रूपरेखा तैयार की और 22 जून को भोपाल से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नर्मदा नदी के बुधनी घाट से नर्मदा जल भरकर यात्रा का शुभारंभ किया। गुरूवार को अजय साईकिल से अपने सफर को तय करते हुए छतरपुर पहुंचे, जहां मीडियाकर्मियों ने उनसे बात की। अजय ने बताया कि राममंदिर का निर्माण संपूर्ण देश के रामभक्तों के लिए अद्वितीय उपहार है, जिसके लिए वे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताने के लिए लखनऊ जा रहे हैं। 13 दिनों में वे अपनी 700 किलोमीटर की यात्रा को पूरा करेंगे और योगी आदित्यनाथ को नर्मदा जल भेंटकर उनका आभार जताएंगे। अभी तक अजय ने 300 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है।

# पनवार शराबकांड में पुलिस कर्मियों के भविष्य का पिटारा पहुंचा एसपी की टेबिल पर

## एसडीओपी के बाद एएसपी ने की जांच

पनवार थाना से 22 पेटी अवैध शराब की तस्करी किये जाने की विभागीय जांच समाप्त हो गई। जांच दो पुलिस अधिकारियों के द्वारा किया गया है। दोनो ही पुलिस अधिकारी अपने अलग-अलग मत एसपी के सामने पेश किये।

रीवा

एसडीओपी डभौरा की जांच से संतुष्ट न होने पर एसपी ने एएसपी देहात को जांच सौंपी। लंबे दिनों तक चली जांच का पिटारा एसपी की टेबिल पर जा पहुंचा है। दोनो ही अधिकारी तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आर एस बागरी, आरक्षक कृष्ण कुमार शर्मा और शराब कारोबारी केशरी जायसवाल को दोषी ठहराये है, ऐसा सूत्रों को कहना है। निर्णय एसपी के हाथों पर जा टिका है, आने वाले समय में देखना यह है कि एसपी की टेबिल में रखे पिटारे से पनवार शराबकांड में पुलिस कर्मियो सहित शराब कारोबारी को अ ायदान मिलता है या फिर सजा। एसपी के निर्णय पर दोषी पुलिस कर्मचारी ही नही पुलिस अमले के साथ



ही आमजन की नजरे टिकी हुई है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आरएस बागरी ने आरक्षक केके शर्मा के साथ मिलकर डभौरा शराब दुकान समूह जेबीबी ग्रुप के शराब कारोबारी केशरीलाल जायसवाल को अवैध रूप से पकड़ी गई 22 पेटी शराब बेच दी थी। जिसका खुलासा होने पर एसपी ने उप निरीक्षक आरएस बागरी को पुलिस लाइन अटैच कर दिया और जांच एसडीओपी डभौरा को सौंप दी थी। सूत्र बताते हैं कि एसडीओपी डभौरा की जांच एसपी को रास नहीं आई और उक्त घटना की जांच एएसपी देहात से करवाई जिसकी जांच रिर्पोट एसपी के पास तक जा पहुंची है।

### मोहनई प्लाट मिली था अवैध शराब का जखीरा, दो को भेजा था जेल

घटना 16 नवबंर 23 की है बरौली गांव के मोहनई प्लाट में मतदाताओं के बीच बटने के लिए शराब की खेप उतरी थी। जानकारी मिलने पर



तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आरएस बागरी पुलिस टीम के साथ दबिस दी और 40 पेटी देशी एंव विदेशी शराब जब्त की। उक्त मामले में पुलिस ने स्थानीय निवासी सीताराम प्रजापति पिता शिरोमणि प्रजापति एंव सुशीला विश्वकर्मा पति राकेश विश्वकर्मा को गिर तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया। उक्त कार्रवाही में तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आरएस बागरी और आरक्षक केके शर्मा ने खेला करते हुए आरोपियों से 18 पेटी शराब की जब्ती दिखाई और 22 पेटी विदेशी शराब का खेला कर दिया। जिसमें जेबीबी ग्रुप के शराब कर्मचारी केशरीलाल जायसवाल की अहम भूमिका रही है।

### कैमरे में कैद हुई थाना प्रभारी और शराब कारोबारी की करतूत

बताते चले कि चार दिन बाद 20 नवबंर 23 की रात आरक्षक केके शर्मा द्वारा थाना प्रभारी के कमरे में रखी 22 पेटी अवैध



शराब केशरीलाल जायसवाल के हाथों बेच दी। रामबाग शराब दुकान की पिकअप में थाना प्रभारी के कमरे में रखी शराब का परिवहन कर रामबाग शराब दुकान ले जाया गया। मजे की बात तो यह है कि थाना प्रभारी के इशारे पर नाच रहे आरक्षक केके शर्मा और शराब कारोबारी केशरीलाल की करतूत एक प्रधान आरक्षक ने अपने मोबाइल में कैद कर ली थी। इस बीच आरक्षक केके शर्मा और वीडियो रिकाडिंग कर रहे प्रधान आरक्षक महेश वर्मा के साथ तू-तू, मैं-मैं के साथ छीना झपटी भी हुई जो मोबाइल में कैद हो गई। बताया जाता है कि जांच के दौरान प्रधान आरक्षक महेश वर्मा के मोबाइल को भी खंगाला गया है।

## खबर संक्षेप

### उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मेघालय सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री हेक ने सौजन्य भेंट की

रीवा। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से नई दिल्ली में मेघालय सरकार के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, मत्स्य एवं सचिवालय प्रशासन मंत्री श्री अलेक्जेंडर लालू हेक ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से विभिन्न सम सामयिक मुद्दों पर चर्चा की। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से नई दिल्ली में उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेल मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सौजन्य भेंट की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से उन्होंने विभिन्न समसामयिक विषयों पर उन्होंने चर्चा की।

### अनुपयोगी वाहनों की नीलामी आज

रीवा। कलेक्टर कार्यालय के अनुपयोगी वाहन एम्बेसडर कार एवं जीप डीआई की नीलामी 28 जून को दोपहर 12 बजे की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित जन 27 जून तक एक हजार रूपये जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत शर्तों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### कलेक्टर आज करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 28 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि वितरण, किसान सम्मान निधि, आवासीय भू अधिकार योजना, राजस्व वसूली तथा ऑडिट आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में अब तक 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में पिछले एक सप्ताह से छुटपुट वर्षा हो रही है। मानसून पूर्व की इस वर्षा से तापमान में गिरावट आई है। वातावरण में नमी बढ़ने के कारण उमस का असर दिखाई दे रहा है। अभी भी जिले को झमाझम बारिश का इंतजार है। अच्छी वर्षा होने के बाद ही फसलों की बोनी का काम शुरू होगा। जिले में 27 जून को 2.4 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन हुजूर तहसील में 16 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि तहसील हुजूर में 52.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ में 15 मिलीमीटर, सिरमौर में 51.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 17 मिलीमीटर, सेमरिया में 50 मिलीमीटर, मनगवां में 23 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 43 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 36.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### संत रविदास स्वरोजगार आवेदन आमंत्रित

रीवा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में संत रविदास स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक कि उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवी कक्षा उत्तीर्ण हो एवं आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो। उसे जिले का निवासी होना चाहिए एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। आवेदक को स्वरोजगार परियोजनाओं हेतु एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग एवं इसी प्रकृति की अन्य परियोजनाओं में ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा।



## शहर के अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्यवाही जोरों पर

रीवा।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 27.06.2024 को बिछिया, पुलिस चौकी के पास किशन लाल गुप्ता के द्वारा बिना भवन अनुज्ञा के भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे उपयंत्री श्री मनोज सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी श्री रावेन्द्र शुक्ला द्वारा तत्काल निर्माण कार्य बन्द कराये जाने के साथ ही समझाइस दी गई कि बिना भवन अनुज्ञा के निर्माण कार्य किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही सिरमौर चौराहा से हास्पिटल चौराहा, बिछिया हास्पिटल तक एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

### बचाव के दिशा-निर्देशों का करें पालन

रीवा

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है।

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

## आगामी वर्षा ॠतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी





रीवा।

निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 27.06.2024 को नाला गैंग द्वारा शहर स्थित लो लाइन क्षेत्र वार्ड 38 सिन्धी कालोनी, अशोक नगर एवं वार्ड 36 में बड़ा नाला की गाद, कचरा एवं प्लास्टिक वेस्ट हटाते हुए सफाई की गई जिससे जल बहाव सुचारू रूप से बना रहे। साथ ही शहर के अन्य नाला नालियों की सफाई कराई गई एवं कचरे का उठाव का कार्य टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

### सिंगरौली ज़िले में एक मात्र सर्किट हाउस जहां कई वर्षों से अधिकारियों क़ब्जा

सिंगरौली । माजन मोड़ नगर निगम के सामने मध्यप्रदेश शासन पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनवाया गया हैं जिसमें रुकने के लिए छः कमरें है सर्किट हाऊस में रुकने के लिये मंत्री सांसद या अन्य अधिकारियों को दिया जाता है जिसका संचालन एसडीएम सिंगरौली द्वारा किया जा रहा है मगर अभी एक से दो वर्षों से लगातार श्री मति सविता यादव तहसीलदार,दूसरे रूम अभिषेक यादव नायब तहसीलदार,तीसरे रूम में मान सिंह आर्मो (**ASLR**),चौथे रूम में सुश्री प्रतीक्षा सिंह नायब तहसीलदार,प्रशांत पाण्डेय सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग इन लोगो द्वारा पाँच रूमों में कब्जा जमाये हुए है अगर ये कही बाहर जाते है तो ताला लॉक करके जाते है क्या ये लोग शासन को पैसा जमा करते है या इन लोगो को आजीवन सर्किट हाउस दे दिया हुआ है बाहर से आने वाले लोगो को काफ़ी कढ़िनाइयो का सामना करना पड़ता है या तो होटलों में रुकना पड़ता है इसकी शिक़ायत एसडीएम सिंगरौली से कई बार कि जा चुकी है मगर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया जिला कलेक्टर से माँग है की इनका तत्काल रूम ख़ाली कराया जाये।




## थाना लौर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 किलो गांजा जब्त

**मऊगंज।** जिले के थाना लौर में दिनाँक 25.06.24 की दरम्यानी रात रात्रि गश्त दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्कूटी क्र. MP 17 ZE 7746 का चालक मनगवाँ तरफ से मादक पदार्थ गाँजे की खेप लेकर निकलने वाला है, प्राप्त मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 135 मनगवाँ लौर रोड पर ग्राम सरई सेंगर के पास घेराबँदी की गई, जहाँ पुलिस को देखकर अज्ञात चालक अपनी स्कूटी एवं स्कूटी मे लदी बोरी छोड़कर अँधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया, अज्ञात आरोपी द्वारा छोड़ी गई स्कूटी की तलाशी लेने पर उसके बीच मे रखी बोरी मे से कुल 10 कि.ग्राम मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी की गई है, जिसके संबंध मे अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

**बरामद मशरूका** - मादक पदार्थ गांजा 10 कि.ग्राम कीमती लगभग 100000/- रूपए। 2- टीवीएस ज्युपिटर स्कूटी क्र. MP 17 ZE 7746 कीमती लगभग 70,000/- रूपए।

**सराहनीय भूमिका**- उप निरी जगदीश ठाकुर, सउनि योगेन्द्र प्रसाद तिवारी, प्र.आर. तौसीफ खान, आरक्षक अजय मौर्य, देवेश चतुर्वेदी, अखिल सिंह, अरुणेन्द्र सिंह, शुभाँक सिंह।

## हनुमना बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौत



मऊगंज।

जिले के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि युवक खाना खाने के लिए किसी ढाबा में गया हुआ था,वही से लौटते समय हनुमना नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास रोड में अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने के कारण मौत हो गई।घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने हनुमना अस्पताल में शव को रखा गया।मिली जानकारी के अनुसार पुष्पराज गुप्ता पिता गोविंद प्रसाद गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी सगरा कला हनुमना बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा तैयार करके पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौप दिया गया। नगर मे बाजार के चर्चित पप्पू चाट वाले की कैसे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। फिलहाल पुलिस करण का पता करने में लगी हुई है।

## जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया विशेष जागरूकता

पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडेय के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में 26 जून नशा मुक्ति दिवस पर जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया।




मऊगंज।

इसी कड़ी में नईगढ़ी थाना प्रभारी एसके द्विवेदी के नेतृत्व में नईगढ़ी कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी नईगढ़ी एसके द्विवेदी द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। इतना ही नहीं नईगढ़ी कस्बे के सब्जी मंडी पुराना बस स्टैंड तिराहे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान की गई। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान को आम जनमानस का भी समर्थन मिलता देखा गया। थाना प्रभारी ने समाजसेवियों एवं आम जनमानस से अपील करते हुए कहा की सभी जागरूक लोग पुलिस के साथ मिलकर मुहिम में शामिल हों एवं नशा खुद ना करें और प्रयास करें कि समाज का कोई भी व्यक्ति नशा ना करे, साथ ही नशे के खिलाफ सचेत रहने में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। नशा मुक्ति को लेकर आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम दौरान भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी तहसील इकाई नईगढ़ी के चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद मिश्रा पयासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता विजय पार्षद नसीम खान समाजसेवी रामदयाल शर्मा रामपाल सिंह उचेहरा भारत पटेल श्रीकांत तोमर सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहे।